# 7 मेवाड़ का गुहिल राजवंश

1. महाराणा प्रताप को समझाने हेतु चौथी बार टोडरमल का कब भेजा था?
(1) दिसम्बर 1572 ई.   (2) जून 1572 ई.
(3) सितम्बर 1573 ई.   (4) दिसम्बर 1573 ई.

**व्याख्या–** अकबर ने प्रताप को अधीनता स्वीकार करवाने के लिए क्रमशः निम्न 4 शिष्टमंडल भेजे थे।
1. जलाल खाँ कोरची : नवम्बर 1572 ई.
2. मानसिंह कच्छवाहा : जून 1573 ई.
3. भगवन्तदास : सितम्बर 1573 ई.
4. टोडरमल : दिसम्बर 1573 ई.

2. मुगल–मारवाड़ संघर्ष छिड़ने पर मेवाड़ के किस महाराणा ने मारवाड़ का साथ दिया था?
(1) राजसिंह प्रथम   (2) अमरसिंह प्रथम
(3) जगतसिंह प्रथम   (4) शंभुसिंह प्रथम

3. निम्न में से किसने खानवा के युद्ध में राणा सांगा का पक्ष बदलकर बाबर का साथ दिया?
(1) रावत रतनसिंह   (2) बाघसिंह
(3) सलहदी तंवर   (4) वीरमदेव मेड़तिया

**व्याख्या–** राजपूत पक्ष के इतिहासकार राणा सांगा की पराजय का कारण सलहदी तंवर (रायसीन), खानजादा (नागौर) युद्ध के दौरान बाबर की तरफ मिल जाना बताते हैं, लेकिन इसको मुख्य कारण मानना ठीक नहीं है, क्योंकि सलहदी ने युद्ध के अंतिम चरण में सांगा के युद्ध स्थल से चले जाने के बाद अपना पाला बदला था।

4. मेवाड़ व मारवाड़ के मध्य 'आंवल–बावल' की संधि कब हुई थी?
(1) 1453 ई.   (2) 1553 ई.
(3) 1352 ई.   (4) 1561 ई.

**व्याख्या–** 1453 ई. में हंसाबाई की मध्यस्थता से मेवाड़ व मारवाड़ (कुम्भा व जोधा) के बीच संधि हुई। इस संधि में सीमा निर्धारण इस प्रकार हुआ कि जहां तक आम–आंवल के पेड़ हो वहां मेवाड़ तथा बबूल के पेड़ हो वहां जोधपुर (मारवाड़) का भाग माना गया।

5. मेवाड़ के किस शासक के समय जावर में चाँदी की खान निकली थी?
(1) उदयसिंह   (2) राणा लाखा
(3) क्षेत्रसिंह   (4) राणा हम्मीर

6. अकबर द्वारा महाराणा को अधीनता के लिए समझाने हेतु भेजे गये व्यक्तियों का सही क्रम है–
(1) जलाल खाँ, मानसिंह प्रथम, टोडरमल, भगवंतदास
(2) भगवंतदास, मानसिंह प्रथम, जलाल खाँ, टोडरमल
(3) जगन्नाथ कछवाहा, मानसिंह प्रथम, भगवंतदास, जलाल खाँ
(4) जलाल खाँ, मानसिंह प्रथम, भगवंतदास, टोडरमल

7. कर्नल जेम्स टॉड ने किस युद्ध को 'मेवाड़ का मेराथन' कहा?
(1) हल्दीघाटी   (2) दिवेर
(3) चावण्ड   (4) बांडोली

8. 1303 ई. में चित्तौड़ विजित कर अलाउद्दीन खिलजी ने उसका क्या नाम रखा?
(1) खैराबाद   (2) खिज्राबाद
(3) जलालाबाद   (4) खिलजीबाद

9. 17 जुलाई, 1734 ई. को 'हुरड़ा सम्मेलन' (भीलवाड़ा) की अध्यक्षता मेवाड़ के किस महाराणा ने की थी?
(1) संग्राम सिंह द्वितीय   (2) जगतसिंह द्वितीय
(3) राजसिंह द्वितीय   (4) भीमसिंह

10. मेवाड़ के किस महाराणा को 'ग्रेन्ड कमांडर ऑफ दी स्टार ऑफ दी इंडिया' की उपाधि दी गई थी?
(1) सरदार सिंह   (2) स्वरूप सिंह
(3) भीमसिंह   (4) शम्भू सिंह

11. चित्तौडगढ़ के प्रथम साके के समय रतनसिंह के सेनापति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका किसने निभाई थी?
(1) जयमल्ल–कल्ला राठौड़   (2) जैता–कूंपा
(3) गोरा–बादल   (4) जयमल–पत्ता

**व्याख्या–** चित्तौड़ का पहला साका 1303 ई. में हुआ, जिसमें अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया था। जिसमें गोरा–बादल मारे गए।

12. चंपानेर की संधि किन राज्यों के मध्य हुई थी?
(1) गुजरात व उदयपुर   (2) कुम्भलगढ़ व जोधपुर
(3) मालवा व गुजरात   (4) जयपुर व जोधपुर

13. 'भूताला का युद्ध' किनके मध्य हुआ था?
(1) जैत्रसिंह व इल्तुतमिश   (2) समरसिंह व इल्तुतमिश
(3) जैत्रसिंह व अलाउद्दीन   (4) समरसिंह व अलाउद्दीन

**व्याख्या–** हम्मीर मद मर्दन (जयसिंह सूरी) के अनुसार लगभग 1227 ई. में हुए, इस युद्ध में जैत्रसिंह ने तुर्की सेना को मेवाड़ से भगा दिया।

14. हल्दीघाटी के युद्ध के बाद निम्नलिखित में से किन सेनानायकों के नेतृत्त्व में अकबर ने महाराणा प्रताप के विरूद्ध सैनिक अभियान भेजे थे?
(1) अब्दुल रहीम खान–ए–खाना   (2) शाहबाज खाँ
(3) जगन्नाथ कछवाहा   (4) उपर्युक्त सभी

15. निम्नलिखित युग्म को सुमेलित कीजिए–

| (प्रमुख युद्ध ) | (वर्ष) |
|---|---|
| (A) खातोली का युद्ध | i. 1519 ई. |
| (B) गागरोन का युद्ध | ii. 1517 ई. |
| (C) ईडर का युद्ध | iii. 1527 ई. |
| (D) बयाना का युद्ध | iv. 1520 ई. |

| कूट– | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

16. निम्न में से महाराणा प्रताप का प्रसिद्व दरबारी पंड़ित कौन था?
(1) विद्याधर (2) रामचरण
(3) जयानक भट्ट (4) चक्रपाणि मिश्र

**व्याख्या–** प्रताप के दरबारी विद्वान् चक्रपाणि मिश्र, जीवधर थे।

17. 1615 ई. में मेवाड़ –मुगल संधि किनके मध्य हुई थी?
(1) अमरसिंह प्रथम व जँहागीर
(2) महाराणा प्रताप व अकबर
(3) जँहागीर व जगतसिंह प्रथम
(4) महाराणा राजसिंह व औरंगजेब

18. मेवाड़ के महाराणा प्रताप के विरूद्ध मुगल सम्राट अकबर के अंतिम आक्रमण का नेतृत्त्व किसने किया था?
(1) मानसिंह (2) टोडरमल
(3) जगन्नाथ कछवाहा (4) जलाल खाँ

**व्याख्या–** जगन्नाथ कच्छवाह व सैय्यद राजू 5 दिसम्बर, 1584 को सेना लेकर मेवाड़ की तरफ रवाना हुए। 1585 ई. में अकबर का प्रताप के विरूद्ध यह अंतिम प्रयास था। जगन्नाथ कच्छवाह की मांडलगढ़ में मृत्यु हो गई।

19. हरमाड़ा का युद्ध निम्न में से किन–किन के मध्य हुआ था?
(1) हाकिम खान व महाराणा प्रताप
(2) उदयसिंह व हाजी खाँ
(3) अमरसिंह प्रथम व हाकिम खान
(4) महाराणा कुम्भा व महमूद खिलजी

20. चित्तौड़ का तीसरा साका कब हुआ था?
(1) 1566 ई. (2) 1301 ई.
(3) 1535 ई. (4) 1568 ई.

21. मेवाड़ की राजकुमारी कृष्णाकुमारी जिसके विवाह को लेकर जयपुर व जोधपुर के मध्य संघर्ष हुआ, यह मेवाड़ के किस शासक की पुत्री थी?
(1) महाराणा भीमसिंह (2) महाराणा जवानसिंह
(3) महाराणा स्वरूपसिंह (4) महाराणा शम्भू सिंह

**व्याख्या–** राजकुमारी कृष्णा कुमारी की सगाई महाराणा भीम सिंह ने मारवाड़ के महाराजा भीम सिंह से की, जिनकी शादी से पहले मृत्यु हो गई। अत: राजकुमारी की सगाई जयपुर के जगतसिंह से कर दी जिसके कारण राव भीम सिंह के भाई मानसिंह बुरा मान गए व इस प्रकरण के कारण गिंगोली का युद्ध (1807 ई.) हुआ।

22. निम्न में से कुंभलगढ़ दुर्ग में 12 खम्भों की छतरी किस शासक की बनी हुई है?
(1) राणा हम्मीर (2) महाराणा उदयसिंह
(3) कुँवर पृथ्वीराज (4) महाराणा प्रताप

23. चित्तौड़ के दूसरे साके में देवलिया प्रतापगढ़ के ................ को महाराणा का प्रतिनिधि बनाया गया था।
(1) राणा सज्जासिंह (2) विक्रमादित्य
(3) रावत बाघसिंह (4) पद्मशाह

**व्याख्या–** दूसरे साके में कर्मावती ने अपने दोनों पुत्रों विक्रमादित्य व उदयसिंह को उनके ननिहाल बूँदी भेज दिया।

24. मेवाड़ का वह शासक जिसने अपनी पत्नी तारा के नाम पर 'तारागढ़ किले' का निर्माण करवाया था?
(1) महाराणा रायमल (2) महाराणा संग्रामसिंह
(3) कुँवर पृथ्वीराज (4) महाराणा भीमसिंह

25. मेवाड़ चित्रकला शैली का ताड़पत्र पर चित्रित प्रथम उपलब्ध ग्रन्थ 'श्रावक प्रतिक्रमण सूत्रचूर्णि' किसके शासनकाल में चित्रित हुआ था?
(1) तेजसिंह (2) समरसिंह (3) सामन्त सिंह (4) रतनसिंह

26. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के घायल होने के बाद उन्हें रणक्षेत्र से बाहर निकालने पर किसने महाराणा प्रताप का स्थान लिया था?
(1) रावत बाघसिंह (2) शक्तिसिंह
(3) झाला बीदा (4) पठान हकीम खाँ सूर

**व्याख्या–** युद्ध में प्रताप के घायल होने पर बड़ी सादड़ी के झाला बीदा ने राजचिन्ह धारण कर महाराणा प्रताप को युद्ध के मैदान से बाहर निकाला तथा बीदा मुगल सेना से लड़ते हुए वीर गति को प्राप्त हुए।

27. निम्न में से किसे 'मेवाड़ का उद्धारक' कहा जाता है?
(1) महाराणा प्रताप (2) भामाशाह
(3) ताराचन्द (4) कुँवर चूड़ा

**व्याख्या–** भामाशाह (1547–1600 ई.) को मेवाड़ का दानवीर या मेवाड़ का उद्धारक कहा जाता है, इन्होंने हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप को अकबर के विरूद्ध युद्ध जारी रखने के लिए अपनी निजी व पैतृक सम्पत्ति तथा मालवा आक्रमण से प्राप्त पच्चीस लाख रुपये समर्पित किये।

28. निम्नलिखित में से किस राजपूत शासक ने 'विजय कटकातु' की उपाधि धारण की थी?
(1) महाराणा सांगा (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा राजसिंह (4) संग्रामसिंह द्वितीय

**व्याख्या–** रणछोड़ भट्ट कृत राजप्रशस्ति शिलालेख में महाराणा राजसिंह को विजय कटकातु की उपाधि दी गई है।


29. वह शासक जिसने 1178 ई. में वटप्रदक(बड़ौदा) को अपनी राजधानी बनाया था?
(1) क्षेम सिंह (2) रण सिंह
(3) सामन्त सिंह (4) समरसिंह


30. निम्न में से किसे 'सैनिक का भग्नावशेष' कहा जाता है?
(1) महाराणा प्रताप (2) महाराणा सांगा
(3) महाराणा कुम्भा (4) महाराणा विक्रमादित्य

**व्याख्या–** महाराणा सांगा ने युद्ध में अपना एक हाथ व पैर गंवा दिया तथा शरीर पर 80 से अधिक घाव हो गए, फिर भी सैनिक की तरह युद्ध में लड़ता रहा। इसी कारण इसे 'सैनिक का भग्नावशेष' कहा गया।

Lead Read and Achieve
Dhindhwal Publication

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**